सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 280 | इंदौर, सोमवार 22 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. मौसम की गुगली: पहाड़ों पर बर्फबारी व बारिश, 13 मैदानी राज्यों में पारा 42 पार, अगले पांच दिन राहत के आसार नहीं
2. Lok Sabha Polls: मणिपुर के 11 निर्वाचन केंद्रों में आज फिर मतदान, कड़ी सुरक्षा के बीच कराई जा रही वोटिंग

## लोकसभा चुनाव 2024

# न जनसम्पर्क का शोर न प्रचार का हल्ला

## नेताओं द्वारा छोड़े जा रहे एक-दूसरे पर बयानों के तीर

@ DGR विशेष

इंदौर। शायद ऐसा पहली बार देखने में आ रहा है कि किसी चुनाव में न जनसंपर्क का शोर हो रहा है न प्रचार का हल्ला चल रहा है। कार्यकर्ताओं में भी इस बार चुनाव को लेकर कम ही रूचि दिख रही है, लेकिन अंदर ही अंदर ही चुनाव मैदान में उतरे राजनैतिक दल अपनी रणनीति बना रहे हैं और उनकी रणनीति में यही शामिल है कि किसी न किसी तरह मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर पक्ष में मतदान कराया जाए। इन सबके बीच पार्टी के स्थानीय से लेकर प्रदेश और देश स्तर के नेता जरूर बयानों के तीर एक-दूसरे पर छोड़ रहे हैं। दरअसल प्रत्याशियों के जनसम्पर्क में नारेबाजी, कार्यकर्ताओं का शोर शराबा, नेताओं की बयानबाजी ये सब चुनावी हथकंडे है जो हर चुनाव में देखने को मिलते है, लेकिन इस बार आम चुनाव का नजारा कुछ अलग ही दिख रहा है। चुनाव सिर पर है, लेकिन न तो प्रत्याशियों का प्रचार नजर आ रहा है, न नेताओं हल्ला सुनने में आ रहा है और न ही पार्टी का सम्मेलन देखने को मिल रहा है। पहली बार आम चुनाव में इतनी निरसता देखी जा रही है। इस माहौल में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अक्षय कांति बम अलग थलग नजर आ रहे है। बात चुनावी तैयारियों की करे तो भाजपा के हर विधानसभा स्तर के कार्यालय खुल चुके है वही कांग्रेस की तैयारी भी शुरू नहीं हुई। भाजपा कार्यालय पर दिन भर गहमा गहमी देखी जा रही है वही कांग्रेस के कार्यालय पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

### अक्षम बम का सिलसिला जारी

टिकट तय होने के बाद से ही कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम नेताओं के द्वार द्वार आर्शिवाद लेने जा रहे है। उनका यह सिलसिला अभी तक बदस्तुर जारी है। नेताओं की यह परिक्रमा भी उनके नाम के समान अक्षय होती दिख रही है। बहरहाल अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ रहे बम ने पहली बैठक पिछले दिनों एक होटल में आयोजित की। शहर कांग्रेस के बमुश्किल पचास नेता इस बैठक में पहुंचे। ना सारे पार्षदों को सूचना मिली ना शहर कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारियों और विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारियों को इस बैठक की जानकारी लगी। हो सकता है कि शायद इस बैठक में चुनिंदा नेताओं को ही आमंत्रित किया हो। बहरहाल चुनावी रणनीति पर बैठक में बात करने के बजाय नेता पुराने किस्से कहानियां सुनाते रहे।

### भाजपा के विधानसभावार कार्यालय खुले

भाजपा की संगठनात्मक क्षमता और काम का क्रियांवयन एक सुनियोजित तरीके से होता है। शंकर लालवानी की अधिकृत घोषणा से काफी पहले से चुनावी कार्य शुरू हो चुके थे। सारी गतिविधियों का केंद्र पार्टी कार्यालय है। विधानसभा वार कार्यालय खुल चुके है। हर स्तर की बैठके और समितियों का गठन हो चुका। दो बार क्लस्टर बैठक हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों की मंडल और शहर में वार्ड सम्मेलन जारी है, जो 19 अप्रैल तक चलेंगे। बूथ प्रमुखों की बैठक भी हो गई और बूथ विजय संकल्प अभियान जारी है। अब लाभार्थियों, हितग्राहियों और नव मतदाताओं से संपर्क चल रहा है।



### 25 को लालवानी जमा करेंगे नामांकन

इसी माह की 25 अप्रैल को एक ओर शंकर लालवानी भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन फार्म जमा करेंगे, वहीं भाजपा कांग्रेस के एक बड़े किले में सेंध लगाएगी। ऐसी चर्चा चल रही है कि इंदौर कांग्रेस में बड़ी टूट फूट हो सकती है यानी इस दिन कांग्रेस के चुनिंदा पार्षदों सहित कांग्रेस के कुछ नेता भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है की कितने कांग्रेसी भाजपा में शामिल होंगे, लेकिन कांग्रेस खेमे में जमकर भगदड़ मची हुई है। इसको रोकने के लिए मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी शहर कांग्रेस से लगातार सम्पर्क कर फीडबेक ले रहे है। पता चला है की पटवारी एक दो दिनों में इंदौर आने वाले है और वे नेताओं और कार्यकर्ताओं से सीधी बातचीत करेंगे। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान समाप्त हो चुका है अब दूसरे और तीसरे चरण की तैयारियां चल रही है, लेकिन कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने का सिलसिला भी नहीं थम रहा है। नई जानकारी सामने आई है की इस बार इंदौर के कांग्रेसी नेता भाजपा में जाने की तैयारी कर रहे है। भाजपा स्थापना दिवस वाले दिन से ही कांग्रेसी नेताओं के भाजपा में शामिल होने की चर्चा चल रही थी। इनके शामिल होने के लिए उचित समय का इंतजार कर रहे थे। बताया गया है की कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल और पंकज संघवी तीनों ने कांग्रेसियों को भाजपा में लाने की कमान संभाल रखी है।

### चिंता में है प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेसी नेताओं के भाजपा में शामिल होने की इस चर्चा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चिंता बढ़ा दी है। चुवार प्रचार के लिए प्रदेश का दौरा कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने गृह जिले में हो रही तोडफोड़ को लेकर काफी चिंतित है। वे इंदौर के सभी सीनियर नेताओं के सम्पर्क में है और लगातार उनसे फीडबेक ले रहे है। पटवारी एक दो दिनों के भीतर इंदौर दौरे पर आ रहे है। इस दौरे के दौरान वे चुनाव प्रचार कम करेंगे बल्कि कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा करेंगे।

# न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से ही रहेगा

## पहले अवकाश मई के दूसरे सप्ताह से शुरू होकर जून के पहले सप्ताह तक रहता था

- इंदौर अभिभाषक संघ ने तो साधारण सभा बुलाकर प्रस्ताव भी पारित कर जबलपुर भेज दिया ह
- बाद में इसे बदलकर 2 जून से 30 जून कर दिया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर बार और बेंच के बीच एक बार फिर तकरार की स्थिति निर्मित हो गई है। न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से शुरू होकर 30 जून तक रहेगा। हाई कोर्ट जबलपुर से इसके आदेश जारी भी हो गए हैं। इधर अधिवक्ता मांग कर रहे हैं कि न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक रखा जाए। इंदौर अभिभाषक संघ ने तो साधारण सभा बुलाकर सवार्नुमति से इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित कर जबलपुर भेज दिया है। हालांकि इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं आया है। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि फिलहाल तो न्यायालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 2 जून से ही शुरू होगा। गौरतलब है कि न्यायालयों में वर्षों पुरानी परंपरा के मुताबिक 13 मई के आसपास एक माह के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता था। इस दौरान आपराधिक प्रकरणों के अलावा सिर्फ अर्जेन्ट मामले ही सुने जाते थे। सिविल मामलों की नियमित सुनवाई पूरी तरह से बंद रहती है। हालांकि आपराधिक प्रकरण भी इक्का-दुक्का ही सुनवाई के लिए लगते थे।

### हाई और जिला कोर्ट में 2 से 30 जून तक अवकाश

हाई कोर्ट ने इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक रूप से बदलाव किया है। हाई कोर्ट में 2 जून से 30 जून तक और जिला न्यायालयों में पहले की तरह 13 मई से 15 जून तक अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन अधिवक्ताओं ने मांग की कि दोनों न्यायालयों में एक जैसा अवकाश घोषित किया जाए, क्योंकि अलग-अलग अवकाश की तिथियां होने से अधिवक्ता अवकाश का आनंद ही नहीं ले पाएंगे। इस पर हाई कोर्ट ने जिला न्यायालय में अवकाश की तिथि में बदलाव करते हुए इसे भी 2 जून से 30 जून कर दिया।

### बदलाव चाहते हैं वकील

इधर, अधिवक्ताओं का कहना है कि सर्वाधिक गर्मी तो मई माह में रहती है इसलिए ग्रीष्मकालीन अवकाश भी मई में ही रहना चाहिए। जून में वर्षाकाल शुरू हो जाता है और बच्चों के स्कूल भी खुलने लगते हैं। ऐसे में अधिवक्ता चाहकर भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में परिवार के साथ घूमने नहीं जा सकते। अधिवक्ताओं की मांग है कि अवकाश की तारीखों में बदलाव किया जाए और इसे पहले की तरह मई के दूसरे और जून के पहले पखवाड़े में रखा जाए। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय जबलपुर से ही हो सकेगा।

# मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकतार्ओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकतार्ओं को अवगत कराना होगा।**

निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिये । यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्त्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं ।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा व्हीव्हीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा। मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा। मॉक पोल की व्हीव्हीपेट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में मॉक पोल पर्ची की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबन्द कर और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा।

# अब तक सी-विजिल एप पर उल्लंघन की मिली 155 शिकायतें

### सभी शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विगत 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से ह्रसी-विजिल एप्ह्व पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। आचार संहिता के लागू होने के बाद से अब तक सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की 155 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। कलेक्टर कार्यालय में शिकायतों को प्राप्त करने और उनके निराकरण हेतु प्रकोष्ठ भी स्थापित किया गया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे ह्रसी-विजिल एप्ह्व के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर ह्रसी-विजिल एप्ह्व डाउनलोड करना होगा।

# हस्ताक्षर के पहले लगाई जायेगी मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही

### अंगुली का निरीक्षण भी करेंगे मतदान अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जायेगा। ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगायी जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ को हटा दिया जायेगा ।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करे या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये।

कटाक्ष




# चलता-फिरता मान सरोवर है रामकथा

### गीता भवन में चल रहे हनुमान प्राकट्य महोत्सव में जगदगुरु स्वामी रामनरेशाचार्यजी के आशीर्वचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राम के प्रति शरणागति का भाव ही हमारी भक्ति का उत्कृष्ट प्रमाण है, जो केवल हनुमानजी में परिलक्षित होता है। रामकथा चलता-फिरता मानसरोवर है। राम सृष्टि के रोम-रोम में व्याप्त वह तत्व है, जो मानव को एक आदर्श और नैतिक जीवन जीने का मापदंड दिखाते हैं। राम तो सत्य है ही, राम नाम उससे भी बड़ा सत्य है और राम की महिमा सबसे बड़ा सत्य है, जो हर युग में शाश्वत है। राम की कथा श्रद्धा और विश्वास, मयार्दा और गरिमा, प्रेम और करुणा तथा भक्ति और ज्ञान का पर्याय है।

ये दिव्य विचार हैं जगदगुरू रामानंदाचार्य श्रीमठ काशी पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामनरेशाचार्य के, जो उन्होंने गीता भवन में चल रहे हनुमान प्राकट्य महोत्सव की धर्मसभा में व्यक्त किए। धर्मसभा का शुभारंभ गीता भवन के संरक्षक ट्रस्टी गोपालदास मित्तल, अध्यक्ष राम ऐरन, विष्णु बिंदल, संजय मंगल, टीकमचंद गर्ग आदि द्वारा जगदगुरू के पूजन से हुआ। दोपहर में जगदगुरू ने भक्तों की आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके पूर्व सुबह राम-हनुमानजी के अभिषेक में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। संध्या को गीता भवन परिसर स्थित राम दरबार एवं हनुमान मंदिर में हुई आरती में भी स्वामी रामनरेशाचार्यजी के साथ सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। अपने आशीर्वचन में स्वामी रामनरेशाचार्य ने कहा कि रामकथा चैतन्यता और निर्भयता की ऊर्जा प्रदान करने वाली पावन गंगा है। जहां रामकथा होती है, वहां सारे तीर्थ स्वतः चले आते हैं। रामकथा उस मंदाकिनी की तरह है, जो हर नदी-नाले को अपने में समाहित कर उसे भी अपनी तरह निर्मल बना देती है। रामकथा का श्रवण करने वालों को किसी कैलाश मानसरोवर या चार धाम की यात्रा पर जाने की जरूरत नहीं । रामकथा मनुष्य के सभी संशयों का समाधान कर उनका कल्याण करती है। हनुमान के बिना राम का दरबार अधूरा है। हनुमानजी भक्त भी हैं, और भगवान भी।

# जू में जानवरों के लिए खास इंतजाम

## कूलर की ठंडी हवा के साथ ओआरएस का घोल, रसीले फल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बढ़ती गर्मी के चलते इंदौर के चिड़ियाघर में वन्यप्राणियों के लिए ठंडक के इंतजाम कर दिए गए हैं। मौसम को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले पक्षियों के खानपान में रसीले फल और इलेक्ट्रोलाइट शामिल किए हैं। सांप के पिंजरों में भी पानी के सकोरे और फव्वारे शुरू हो चुके हैं। शेर, बाघ और भालू के लिए कूलर लग चुके हैं तो सांभर के लिए दलदलीय क्षेत्र तैयार किया गया है।**



इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय (चिड़ियाघर) में हर तरह के पशु-पक्षी के लिए खास व्यवस्था की जा रही है।चिड़ियाघर के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि तेज गर्मी में पक्षियों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। वे मौसम के प्रति बहुत संवेदनशील होते हैं। वन्य प्राणियों को कृत्रिम तरह से ठंडक प्रदान की जाती हैं। जंगल में वे मौसम के अनुकूल स्थान खुद तलाश लेते हैं, इसलिए वहां कृत्रिम साधनों की जरूरत नहीं पड़ती है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने पर इस तरह के इंतजाम करने जरूरी हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि बाघ, शेर, तेंदुआ और भालू के बाड़े में तालाब भरने के साथ उनके पिंजरों में भी पानी डाला जाता है। हाथी को महावत दिन में दो बार नहलाता है। उसके बाड़े में बने 18 फीट गहरे गड्ढे में पानी है, ताकि हाथी उसमें बैठकर गर्मी से बच सकें। स्नेक हाउस के हर पिंजरे में फव्वारे लगाए जा रहे हैं, जिन्हें हर दो घंटे में चलाया जा रहा है। इससे पिंजरों में ठंडक रहेगी। हिरण, सांभर और चीतल के बाड़े में भी फव्वारे लगाए गए हैं। सांभर के बाड़े में दलदलीय क्षेत्र निर्मित किया है, क्योंकि सांभर को गर्मी में कीचड़ में बैठना अच्छा लगता है। बंदर, स्क्वीरियल मंकी व मार्मोसेट के लिए एक-एक कूलर लगाया है। शेर के लिए दो, बाघ, तेंदुआ और भालू के पिंजरे के बाहर एक-एक कूलर लगाया है। जू के क्यूरेटर निहार पारूलाकर बताते हैं कि गर्मियों में इंसान की तरह पशु पक्षियों के खानपान में भी बदलाव होता है। सबसे ज्यादा बदलाव पक्षियों की देखभाल को लेकर किया गया है। पक्षी विहार में दिन में दो बार फव्वारे चलाए जा रहे हैं। ईमू, शुतुरमुर्ग, कैसोवरी के पिंजरों में पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

ताकि हरियाली और ठंडक बनी रही। अन्य पक्षियों के पिंजरों को कपड़े से ढका गया है और कपड़े पर दिन में दो बार पानी का छिड़काव किया जाता है. पक्षियों को रसीले फल दिए जा रहे हैं. उन्हें पानी में इलेक्ट्रोलाइट व मल्टी-विटामिन दिया जाता है. फल ताजा ही दिए जाते हैं ताकि खराब फलों से पक्षियों को फंगल इंफेक्शन न हो. शेर, बाघ, तेंदुआ को पानी में ओआरएस दिया जा रहा है. साथ ही पानी के छोटे छोटे कुंड हैं, जहां वह अठखेलियां करते नजर आ रहे हैं.

# भ्रमित और भटके हुए युवा वर्ग को सही राह दिखा सकती है हनुमत कथा : रश्मिदेवी

### कैट रोड स्थित हरिधाम पर झांसी की मानस कोकिला रश्मिदेवी के प्रेरक आशीर्वचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संसार के रिश्ते-नाते समय-समय पर बनते-बिगड़ते और बदलते रहते हैं, लेकिन भगवान से किसी भी रूप में जोड़ा गया रिश्ता हमेशा हमारे कल्याण के लिए ही होता है। भगवान का स्वभाव ही लोगों का भला करना है, इसलिए चाहे जिस रूप में रिश्ता जोड़ें, हमेशा फायदे का ही सौदा होता है। हनुमानजी के व्यक्तित्व एवं चरित्र से हमारे समाज एवं युवा वर्ग को सबक लेना चाहिए कि दुर्लभ मनुष्य जीवन केवल खाने, पीने, पहनने, ओढ़ने और भोग विलास के लिए ही नहीं मिला है, बल्कि भगवान की भक्ति और प्रभु के प्रति सर्वस्व समर्पण के लिए भी मिला है। हमारे युवा हनुमान से बहुत कुछ सीख लेकर एक सुदृढ़ और सुशील समाज की स्थापना में भागीदार बन सकते हैं। भ्रमित और भटके हुए युवाओं को हनुमत कथा सही राह दिखा सकती है। ये प्रेरक विचार हैं झांसी से आई मानस कोकिला श्रीमती रश्मिदेवी शास्त्री के, जो उन्होंने रविवार को कैट रोड, हवा बंगला स्थित हरिधाम आश्रम पर पीठाधीश्वर महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में चल रही हनुमत कथा के दौरान भगवान द्वारा सीताजी की खोज के प्रसंग में हनुमानजी की भूमिका पर बोलते हुए व्यक्त किए। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से मुकेश बृजवासी, सुधीर अग्रवाल, डॉ. सुरेश चौपड़ा, गुमानसिंह, परुषोत्तम बैस, पीयूष सेन, रामचंद्र चौधरी एवं मातृशक्ति की ओर से श्रीमती निर्मला बैस, मंजू कुशवाह, अनीता ठाकुर, प्रभा कुशवाह, किरण गौरव, ममता पांडे, आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# श्रीराम का निमंत्रण ठुकराने वालों को जनता ठुकराएगी : सांसद

## वार्ड 49 में 11000 मत से जिताने का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पाँच के चार वार्डो में कल शाम को भाजपा प्रत्याक्षी सांसद शंकर लालवानी सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।**

पार्षद व एम.आई.सी.मेंबर राजेश उदावत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पाँच के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र महाजन ने बताया की सरदार वल्लभ भाई पटेल मण्डल के चार वार्ड 41, 48, 49 और 50 में कार्यकतार्ओं का सम्मेलन हुआ।वार्ड क्रमांक 49 का सम्मेलन रात 9 बजे तिलक नगर एक्सटेंसन में इंडो किड्स स्कूल में हुआ। भाजपा लोकसभा प्रत्याक्षी सांसद शंकर लालवानी ने कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए कहा कि सौगंध राम की खाते है, मंदिर वहीं बनाएँगेड्ढतो कांग्रेसी कहते थे, तारीख नहीं बताएँगे।आयोध्या में श्रीराम मंदिर आंदोलन का कारसेवक हूँ। रामजन्मभूमि के लिए बहुत संघर्ष हुआ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयासों से 500 वर्षों बाद आयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है।जिसके निमंत्रण को कांग्रेसियों ने ठुकराया।उन कॉंग्रेसीयो को जनता इस चुनाव में ठुकराएगी। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा मोदी सरकार आने के बाद जो हथियार हम आयात किया करते थे, वो आज हम निर्यात कर रहे है।आतंकवाद के साथ नक्सलवाद को भी खत्म किया है।भारत व यहाँ के नागरिकों को विश्व में उचित सम्मान मिल रहा है। डॉ निशांत खरे ने प्रदेश में पहले चरण में कम मतदान पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए कार्यकतार्ओं को मेहनत करने की बात कही। पार्षद व एम.आई.सी.मेंबर राजेश उदावत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पाँच के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र महाजन ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशहित कार्यों से प्रभावित होकर वार्ड क्रमांक 49 के 51 कॉंग्रेसी कार्यकतार्ओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर केसरिया दुपटा पहनकर कॉंग्रेस को अधिक से अधिक वोट से हराने का संकल्प लिया।

इस दौरान पूर्व पार्षद परसराम वर्मा, अनुराधा उदावत, अजय नरूका, आशा होलासराय सोनी, रमेश भारद्वाज, दीपेश पालीविया, मधुसूधन शर्मा, दिलीप पाटनी, पप्पी शर्मा, अशोक डागी, तीरथपाल यादव, पवन भार्गव, राकेश जैन, कन्हिया जोशी, राजा कोठारी, राजेंद्र महाजन, रोमिल सोनी, अभिषेक सोनी, पंकज चौहान, चद्रशेखर वर्मा, जनार्दन शर्मा आदि मोजूद थे।

# दवा से नहीं जागरूकता से ही कम होंगे मच्छर

## 60 कर्मचारियों के भरोसे इंदौर में मच्छर विरोधी अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिले की 45 लाख की आबादी में मलेरिया विभाग के 35 और इंदौर नगर निगम के 25 कर्मचारी मच्छरों की समस्या से निजात पाने के लिए जुटे हुए हैं लेकिन आबादी के मान से यह संख्या कम है । मच्छरों से मुकाबला करने के लिए फाग मशीन से दवा का छिड़काव कारगर नहीं है। नागरिकों की जागरूकता से ही इस समस्या से मुकाबला किया जा सकता है ।

यह विचार स्टेट प्रेस क्लब, मप्र द्वारा मच्छरों का बढ़ता प्रकोप विषय पर आयोजित टॉक शो में जिम्मेदार अधिकारियों ने व्यक्त किए। जिला मलेरिया अधिकारी दौलत पटेल ने बताया कि यूँ तो मच्छरों की तीन सौ से अधिक प्रजातियाँ है लेकिन दस-बारह प्रजातियों के मच्छर ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां, जापानी बुखार जैसी प्रचलित बीमारियां फैलाते हैं।श्री पटेल ने बताया कि जिले में विभाग के पैतीस कर्मचारी नियमित रूप से लार्वा का सर्वे और मशीन से दवा का छिड़काव कर रहे हैं यही टीम जगह-जगह राहवासियों को जागरूक करने का काम भी करती है। उन्होंने सुझाव दिया कि नागरिक मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के लिए क्रूड या एडीएबल ऑइल फैले हुए पानी पर डाल सकते हैं । कीटनाशक दवा का उपयोग भी सतर्कतापूर्वक किया जा सकता है लेकिन इनके अधिक उपयोग से इंसान के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

इंदौर नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि नगर निगम, मलेरिया विभाग या स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर पर मच्छर विरोधी अभियान चलाते हैं लेकिन यह स्थायी विकल्प नहीं है। उन्होंने भी कहा कि नागरिकों की जागरूकता से ही इस समस्या से निजात पाया जा सकता है । घरों के आस-पास पानी की टंकियां, बर्तन कपड़े धोने के स्थल, वाहन धोने के स्थल पर मच्छर बड़ी संख्या में अंडे देते हैं।इन्हें उनके जन्म स्थल पर ही रोकना इनसे बचने का प्रभावी उपाय है । उन्होंने कहा कि शहर में सार्वजनिक आयोजन स्थल, सभागार आदि में तात्कालिक समय के लिए फॉग मशीन कारगर है बाकी जगह यह स्थायी समाधान नहीं है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि इंदौर नगर निगम के 19 जोनल ऑफिस में दो-दो फॉगिंग मशीन है जो प्रतिदिन शाम के वक़्त धुएं के साथ दवा का छिड़काव करती है। उन्होंने स्वीकार किया कि इनमें से आधी मशीनें खराब है। इंदौर नगर निगम मलेरिया विभाग के प्रमुख ब्रजलाल विशनार बताया कि तेज गर्मी और तेज ठंड से ही मच्छरों का प्रकोप कम होगा लेकिन इस वक़्त जो मौसम है उसमें मच्छर बड़ी तादात में पैदा होंगे । उन्होंने बताया कि उनकी 25 सदस्यों की टीम तालाबों से जल कुम्भी निकालने, नालों में कचरा साफ करने और खुले स्थानों पर क्रूड ऑइल और दवा छिड़कने का काम करती है। शाम के वक़्त धूए की मशीनों से दवा भी छिड़कते हैं । स्वास्थ्य विभाग इंदौर संभाग के उप संचालक डॉ. माधव हसानी ने कहा कि वक़्त के साथ मच्छरों की प्रतिरोधक क्षमता में भी बढ़ोतरी हुई है । जिस वजह से क्वाइल, स्प्रे या टिकियाओं से मच्छर नहीं मर रहे लोग अब इलेक्ट्रिक बेट से इन्हें मार रहे है। डॉ. हसानी ने सुझाव दिया कि मलेरिया-डेंगू आदि बीमारी से ग्रस्त मरीजों को मच्छरदानी में रखा जाना चाहिए ताकि उनको काटने से मच्छर बीमारी नहीं फैला सकें ।

# जख्मों पर मिर्च, होंठ में फेवीक्विक भरने वाले का घर गिराया

### ऑपरेशन के लिए पीड़िता गुना से ग्वालियर रेफर, मां बोली-अयान को फांसी हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना में युवती के साथ दरिंदगी करने के आरोपी का घर रविवार सुबह बुलडोजर चलाकर गिरा दिया गया। प्रशासन और पुलिस की टीम ने नानाखेड़ी पहुंचकर कार्रवाई की। शुक्रवार को टीम ने मौके पर जाकर मकान की जांच की थी। इसे अतिक्रमण कर बना पाया गया था।**

हैवानियत की शिकार हुई युवती की एक आंख की रोशनी चली गई है। दूसरी आंख से भी धुंधला दिखाई दे रहा है। शनिवार शाम को उसे ऑपरेशन के लिए गुना जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया गया। इससे पहले सुबह युवती के न्यायालय में बयान दर्ज कराए गए।

पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने कहा था, ह्यघर के पास रहने वाले अयान पठान ने एक महीने तक बंधक बनाकर यातनाएं दीं। शारीरिक शोषण के साथ 18 अप्रैल की रात जख्मों पर मिर्च पाउडर और होंठ में फेवीक्विक भर दी थी, जिससे मैं चिल्ला न सकूं। वह हमारा मकान अपने नाम कराना चाहता है।

युवती ने बताया कि आरोपी अयान ने चार-पांच दिन पहले मारपीट करते हुए उसकी आंख पर झाड़ू के पीछे वाले हिस्से से हमला किया था, जिससे काफी चोट लग गई। इसके बाद उसी आंख में दोबारा पत्थर से मारा। उसकी मां का कहना है कि आरोपी को फांसी की सजा हो।

#### एक आंख का लैंस टूटा

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिलाष सिंह राजपूत ने बताया, ह्ययुवती की एक आंख का लैंस टूट गया है। इसके पीछे वाले पर्दे में क्या स्थिति है और क्या-क्या चोट है, अल्ट्रासाउंड कराने के बाद ही पता चलेगा। रौशनी लौटेगी या नहीं, यह तो पूरी जांच होने के बाद ही कहा जा सकता है। वहीं, एसडीएम रवि मालवीय ने बताया कि 15 बाय 25 का मकान सरकारी जमीन पर बना था। कार्रवाई से पहले नोटिस भी दिया गया था। इसका कोई जवाब नहीं मिला। एएसपी मानसिंह ठाकुर ने कहा कि एक कमरे के पूरे मकान को तोड़ा गया है। आरोपी जेल में है।

#### मां ने कहा- एक-एक जख्म का हिसाब चाहिए

चार दिन बीत गए। बेटी के जख्म अब तक नहीं भरे। कुछ खाना-पीना तो दूर, वह ठीक से लेट तक नहीं पा रही। नींद में जाग जाती है। दवाओं से धीरे-धीरे शरीर के जख्म तो भर रहे हैं, मगर हमारी जिंदगी का यह जख्म कौन भरेगा? उसे एक आंख से दिखना बंद हो गया, दूसरी से भी कम ही देख पा रही है। डॉक्टर ने कहा था कि आंख की रोशनी लौटने की 10 प्रतिशत उम्मीद है। मैंने अपनी बेटी को बड़ी हसरत से पाला। अब उसके एक-एक जख्म का जवाब चाहिए। आरोपी अयान को फांसी की सजा हो।

#### सिंधिया ने कहा था- सख्त सजा हो

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने एकाउंट पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा, ह्यगुना की बेटी के साथ बर्बरता का समाचार विचलित कर देने वाला है। अपराधी को सख्त से सख्त सजा मिले, ताकि कोई हैवान हमारी बहन-बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ न कर सके।

## 500 रु. बचाने 15 बच्चों की जिंदगी खतरे में डाली

**बोरवेल में गिरने से तीन साल में 8 की मौत, एक रेस्क्यू का खर्चा 40 लाख**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। खुले बोरवेल में बच्चा गिर जाता है। सूचना मिलते ही सारे काम छोडक़र कलेक्टर-एसपी समेत पूरा अमला घटनास्थल पर पहुंच जाता है। फिर शुरू होता है रेस्क्यू ऑपरेशन। सारी कवायद बोर में फंसे बच्चे को बाहर निकालने के लिए होती है। लेकिन, कोई गारंटी नहीं होती कि बच्चा सुरक्षित रहेगा या नहीं।**

मप्र में पिछले तीन साल में 15 बार ऐसी तस्वीर देखने को मिली है। इन मामलों में 8 बच्चों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। ताजा मामला रीवा के मनिका गांव का है। यहां 12 अप्रैल को खेत में काम कर रहा छह साल का मयंक खुले बोरवेल में जा गिरा। उसे बोरवेल से बाहर निकालने के लिए प्रशासन ने 45 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लेकिन, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

इस घटना के बाद एक सवाल सबके मन में कौंध रहा है कि आखिर ऐसी घटनाएं बार बार क्यों होती है। इसे रोकने का क्या उपाय है ? आपको ये जानकर भी हैरानी होगी कि खुले बोर में गिरे बच्चे को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन में जितना खर्च होता है उससे कई गुना कम खर्च 500 रु. बोर को ढंकने में है।

## बिहार पेपर लीक मामले में उज्जैन से 5 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** बिहार पुलिस ने बीपीएससी पेपर लीक मामले में 5 आरोपी उज्जैन से गिरफ्तार किए हैं। सभी आरोपी बिहार के रहने वाले बताए गए है,आरोपियों में एक युवती भी शामिल है। पेपर लीक मामले के बाद से सभी फरार थे,दो दिन पहले उज्जैन में लोकेशन ट्रेस होने के बाद शनिवार को उज्जैन पुलिस की मदद से आरोपियों को पकड़ कर बिहार पुलिस अपने साथ बिहार ले गई। बिहार के बहुचर्चित पेपर लीक मामले में बिहार आर्थिक अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उज्जैन से 5 लोगों को गिरफ्तार किया हैं। उज्जैन पुलिस ने बताया कि आर्थिक अपराध थाना बिहार पटना में 16 मार्च 2024 को धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 और धारा 310 बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 एवं धारा 66 आई.टी.एक्ट में आरोपी रहे प्रदीप कुमार आयु 28 साल निवासी ग्राम शाहपुर बलवा, बल्ली उर्फ संदीप कुमार पासवान आयु 28 साल निवासी गोसाई मठ, शिव कुमार उर्फ डॉ.शिव आयु 26 साल निवासी शाहपुर बलवा, तेजप्रकाश आयु 28 साल निवासी नालंदा बिहार फरार चल रहे थे। सभी पांच आरोपियों की उज्जैन में लोकेशन मिलने के बाद थाना नीलगंगा पुलिस के सहयोग से पांच आरोपियों में चार युवक और एक युवती को हिरासत में लेकर कोर्ट मे पेश कर ट्रांजिट वारंट प्राप्त कर बिहार ले जाया गया।

## जबलपुर-ग्वालियर समेत 21 जिलों में बारिश का अलर्ट

### प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आंधी-बारिश; अभी दिन-रात तप रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में एक बार फिर से आंधी-बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग ने जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां 30 से 50 प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। अभी पूर्वी हिस्सा तप रहा है। शनिवार को यहां टेम्प्रेचर 40 डिग्री से ज्यादा रहा।**

खंडवा और खरगोन में भी पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा। वहीं, भोपाल समेत कई जिलों में बादल रहे। पचमढ़ी में पारा सबसे कम 33.4 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा टेम्प्रेचर खंडवा में 42.1 डिग्री रहा।

#### इसलिए बदला मौसम

प्रदेश में पिछले 2 दिन से बारिश-आंधी का दौर जारी है। ऐसा ही मौसम अगले 2 दिन और बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से बूंदाबांदी और आंधी का दौर है।

**कब-कहां बारिश के आसार-** 22 अप्रैल: जबलपुर, बुरहानपुर, बैतूल, नर्मदापुरम, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, सिवनी, बालाघाट, मंडला, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल और मैहर जिलों में।

#### भोपाल में 22-23 अप्रैल को बारिश का अनुमान

राजधानी भोपाल में 22 और 23 अप्रैल को बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने शहर के बैरसिया, कोलार इलाके में हल्की बारिश और आंधी चलने का अनुमान जताया है। 21 से 24 अप्रैल के फोरकास्ट में यह अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, इससे पहले शहर में गर्मी का असर है। शनिवार को दिनभर सूरज की तेज तपन ने लोगों को बेहाल कर दिया।

#### अप्रैल में 11 दिन तक लगातार बारिश का रिकॉर्ड

अप्रैल में बारिश के कई रिकॉर्ड टूटे। भोपाल में करीब पौने 2 इंच बारिश हो गई। वहीं, अप्रैल में लगातार 11 दिन तक बारिश होने का रिकॉर्ड भी बना है। 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक प्रदेश में लगातार बारिश हुई है। अब फिर से प्रदेश भीग रहा है।

### शादी नहीं होने से चुनाव का बहिष्कार

## पूरे गांव में 13 लोगों ने ही वोट डाला, बिन ब्याहे युवाओं ने साझा किया दर्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** प्रदेश में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग हुई। मप्र के भी 6 जिलों में मतदान हुआ। इनमें एक लोकसभा सीट थी जबलपुर। पूरे क्षेत्र में तो लोग मतदान कर रहे थे, लेकिन पनागर विधानसभा के धरहर गांव में वोट डालने के लिए प्रशासन की टीम ग्रामीणों से मानमुहार कर रही थी। वजह वोटिंग का बहिष्कार। 815 मतदाता वाले इस गांव में मात्र 13 लोगों ने वोटिंग की, इनमें भी गांव के सरपंच, सचिव और सरकारी कर्मचारी शामिल थे। यानी किसी आम ग्रामीण ने वोट नहीं डाला। आखिर ग्रामीण वोटिंग से दूर क्यों रहे, इसे समझने के लिए टीम गांव पहुंची तो कारण चौंकाने वाला निकला। ग्रामीणों ने बताया कि सालों से हम अच्छी सडक़ के लिए तरस रहे हैं, लेकिन आज तक किसी ने हमारी सुध नहीं ली। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भी आश्वासन मिला, पर कुछ नहीं हुआ। सडक़ नहीं होने की वजह से हमारे बच्चों की शादी तक नहीं हो पा रही है। रिश्ते सिर्फ इसलिए नहीं हो रहे हैं कि गांव तक अच्छा पहुंच मार्ग नहीं है।

ग्रामीण का कहना है कि पहले तो इतने बड़े-बड़े पत्थर थे कि साइकिल क्या पैदल चलना भी दूभर था। सरपंच,सचिव, जनपद सीईओ से बोला, किसी ने नहीं सुना तो गांव के लोगों ने मिलकर रोड को ठीक किया और चलने लायक बनाया। धरना-आंदोलन किया तो अफसर और जनप्रतिनिधि गांव आए थे। आश्वासन देते है और फिर जो जाते है तो दोबारा लौटकर नहीं आते।

## नर्स की गलतफहमी से अस्पताल में हंगामा

### फाइल पर फीमेल की जगह मेल लिखा, परिजन बोले- डीएनए टेस्ट कराएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा के जिला अस्पताल में नवजात की अदला-बदली को लेकर प्रसूता के परिजनों ने हंगामा कर दिया। हालांकि अस्पताल से बच्चा नहीं बदला गया। फाइल पर गलती से ह्यफीमेल की जगह ह्यमेल लिखा होने पर परिजन को गलतफहमी हो गई। बाद में नर्सिंग स्टाफ ने एक घंटे तक समझाइश दी। परिजन से गलती की माफी भी मांगी। लेकिन गुस्साएं परिजन ने इसे स्टाफ की लापरवाही बताई और डीएनए टेस्ट कराने की बात कह दी। दरअसल, मामला जिला अस्पताल के लेबर रूम में गुरुवार रात का है। शुभम लाड़ निवासी दादाजी वार्ड ने बताया कि गुरुवार रात को अचानक दर्द होने पर मेरी भाभी अंबिका पति शंकर को जिला अस्पताल लेकर आए थे। अगले दिन सुबह करीब 7.48 मिनट पर बालिका का जन्म हुआ। इस दौरान मेरे घर वाले अस्पताल में मौजूद थे। जच्चा- बच्चा दोनों स्वस्थ थे। इसके बाद शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे जब डिस्चार्ज लेने गाए तो हमें जो फाइल दी गई। उसमें लडक़े के आप्शन पर ह्यनिशान लगा हुआ था।

शुभम ने कहा कि फाइल देखकर मुझे शंका हुई, क्योंकि हमारे पास बालिका थी। हमने इस संबंध में नर्स से पूछा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। डॉक्टर बोली-डिस्चार्ज पेपर बनाने में गलती हुई होगी। इधर, स्टाफ की माफी की बात पर हमने उनसे कहा कि हमें किसी से कोई माफी नहीं मंगवाना है। हम बच्चे का डीएनए कराएंगे। यदि रिपोर्ट गलत आती है तो केस करेंगे।

# संपादकीय

## युद्ध की आशंका बढ़ी

ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान पर इजराइल के हमले की खबर के बाद लगने लगा है कि युद्ध को टालने की कोशिशें अब नाकाम साबित हो रही हैं। स्थिति और नाजुक हो रही है। अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर नए प्रतिबंधों की घोषणा कर दी है। जाहिर है, ईरान के सामने अगर मुश्किलें पेश आएंगी तो उसकी प्रतिक्रिया भी शायद संतुलित न रहे। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के दूतावास को इजराइल ने ड्रोन हमले से ध्वस्त कर दिया था। उसमें ईरान के रिवोल्यूशनरी गाइस के दो जनरल समेत कुछ अन्य लोग मारे गए थे। उसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। इसके बाद से ही इजराइल के जवाबी कार्रवाई की आशंका बनी हुई थी। अब इस्फहान पर इजराइली ड्रोन हमले की खबर से साफ है कि हालात नाजुक हो सकते हैं। हालांकि ईरान ने ऐसे किसी हमले से इनकार किया है। उसने कहा है कि वह सिर्फ ड्रोन उड़ाने की कोशिश थी, जिसे मार गिराया गया। अगर इतना भी हुआ है, तो इससे टकराव और तनाव गहरा ही होगा। यह रास्ता कहां जाता है, छिपा नहीं है। विडंबना है कि इसमें शामिल सभी सक्रिय पक्षों को पता है कि किसी भी समस्या या विवाद का आखिरी हल बातचीत के जरिए ही निकाला जा सकता है। इसके बावजूद पहले सैन्य क्षमताओं की आजमाइश और टकराव को ही अकेला रास्ता माना जा रहा है। सवाल है कि अगर इजराइल और ईरान एक-दूसरे के ठिकानों पर हमला करते हैं, तो इससे नुकसान किसका होगा और कौन लोग नाहक मारे जाएंगे! इस टकराव के शुरुआती चरण में ही जिस तरह अलग-अलग ध्रुव बनते दिखने लगे हैं, उससे साफ है कि अगर इसका दायरा फैला तो यह तीसरे विश्वयुद्ध की शक्ल भी ले सकता है। अब तक के दो विश्वयुद्धों के जो अनुभव रहे हैं, उसमें तत्काल इस बात की जरूरत है कि संयुक्त राष्ट्र और महाशक्ति माने जाने वाले देश दखल देकर संबंधित पक्षों को बातचीत की मेज पर लाएं। युद्ध की आग और भडक़ी तो अत्याधुनिक तकनीकों और घातक हथियारों के इस युग में इसके नतीजे भयावह होंगे।

**अर्ज़ किया है..!**

*ये लम्हा लम्हा*
*तकल्लुफ़ के टूटते रिश्ते*
*न इतने पास मिरे आ कि*
*तू पुराना लगे*

*- ज़ुबैर रिज़वी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**फूल एकांत में खिलता है... व्यक्ति के अंत:करण का फूल भी एकांत में खिलता है... प्रत्येक व्यक्ति को अपना एकांत संभालना चाहिए...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर सपाटा

# गर्मियों में घूम आएं युमथांग, मन मोह लेगी घाटी की सुंदरता



गर्मियां शुरू होते ही लोग घूमने-फिरने के लिए बेस्ट जगह देखने लगते हैं। ज्यादातर लोग इस दौरान ठंडी जगह पर जाने की प्लानिंग करते हैं। ऐसे में शिमला-मनाली तो आप कई बार घूमने गए होंगे। इस बार गर्मियों की छुट्टियों में आप नार्थ-ईस्ट में मौजूद फूलों की घाटी युमथांग जा सकते हैं। ये सिक्किम में है और गर्मियों में एक्सप्लोर करने के लिए बेस्ट है। युमथांग फूलों की घाटी है और इस जगह पर आप बहुत तरह-तरह के फूलों को देख सकते हैं। जानिए इस जगह की डिटेल्स-

### युमथांग वैली क्यों है फेमस

युमथांग वैली जाकर आप शानदार नजारों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। घाटी में आप तरह-तरह के फूलों को देख सकते हैं। ये फूल फरवरी से जून तक खिलते हैं। ऐडवेंचर के शौकीन लोगों को ये जगह जरूर पसंद आएगी। क्योंकि यहां पर ट्रेकिंग और कैम्पिंग जैसी एक्टिविटीज को एन्जॉय कर सकते हैं।

### युमथांग घाटी घूमने का सबसे अच्छा समय क्या है?

युमथांग घाटी घूमने के लिए मार्च से जून का महीना सबसे बेस्ट है। इस जगह को एक्सप्लोर करने के लिए गर्मी सबसे अच्छा समय है। यह फूलों के खिलने का मौसम है। इस दौरान यहां का मौसम भी बहुत अच्छा होता है।

### कैसे पहुंचे युमथांग वैली?

युमथांग वैली गंगटोक से 150 किलोमीटर दूर है। यहां पहुंचने के लिए गंगटोक से लाचुंग पहुंचें और फिर वहां से युमथांग। इस जगह तक पहुंचने के लिए आप अपनी कार, टैक्सी और बस से यहां तक पहुंचने का बेस्ट ऑप्शन है।

Uttarpradesh

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक डेढ़ करोड़ लोग कर चुके हैं रामलला के दर्शन, रोज पहुंच रहे 1 लाख लोग

**अयोध्या, (एजेंसी)** इसी साल 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की थी, जिसके बाद से ही वहां भक्तों का तांता लगा हुआ है. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अभी तक लगभग 1.5 करोड़ लोग राम लला के दर्शन के लिए भव्य मंदिर में आ चुके हैं.

चंपत राय ने कहा, 'हर दिन, एक लाख से अधिक लोग मंदिर में 'दर्शन' के लिए आ रहे हैं. 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा' के बाद से, लगभग 1.5 करोड़ लोग राम लला के 'दर्शन' के लिए आ चुके हैं.' गौर करने वाली बात ये है कि आज यानि 22 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा हुए



पूरे तीन महीने हो गए हैं.

अभी मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर ही पूरा हुआ है जहां रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी, पहले फ्लोर का काम चल रहा है. मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी. इस दीवार को मंदिर का 'परकोटा' कहा जाता है.

यह मंदिर तीन मंजिला होगा. प्रत्येक फ्लोर की 20-20 फीट की ऊंचाई होगी. कुल 2.7 एकड़ में राम मंदिर बन रहा है. इसकी ऊंचाई लगभग 161 फीट की होगी. मंदिर निर्माण और अन्य प्रोजेक्ट में अभी और वक्त और लग सकता है. मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि अभी ग्राउंड फ्लोर का निर्माण किया गया है. पहली और दूसरी मंजिल दिसंबर 2024 तक पूरी हो जाएगी.

Uttarpradesh

मां बनी कातिल...

## दुधमुंहे बच्चे को पानी की टंकी में डुबोकर मार डाला, ससुराल वालों ने कही ये बात



**बस्ती, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक मां ने अपनी मासूम बच्चे को मौत के घाट उतार दिया. मां ने 5 महीने के बच्चे को घर में लगी पानी की टंकी में डुबोकर मार डाला. जैसे ही इसकी जानकारी ससुराल वालों को हुई तो घर मे कोहराम मच गया. वहीं, गांव में सनसनी फैल गई. हर कोई ये जानकर हैरान था कि क्या कोई मां इस हद तक भी जा सकती है कि वह अपने ही दुधमुंहे बच्चे की हत्या कर दे.**

फिलहाल, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी मां को हिरासत में ले लिया है. ससुराल वालों का कहना है कि हत्या की आरोपी बहू पर भूत-प्रेत का साया है. वह मानसिक रूप से ठीक नहीं थी. अब पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है.

पूरा मामला बस्ती के हर्रैया थाना क्षेत्र के अमारी बाजार का है. यहां एक मां ने अपने ही 5 महीने के दुधमुंहे बच्चे को मौत के घाट उतार दिया. जिसके चलते इलाके में सनसनी फैल गई. जिस वक्त मां ने इस घटना को अंजाम दिया घर पर कोई नहीं था. सभी पड़ोस की एक शादी में शरीक होने गए थे. लौटने पर उनके होश उड़ गए.

Bihar

बिहार में दर्दनाक हादसा

## बेकाबू ट्रक ने दो बाइकों को रौंदा, मौके पर चार की मौत, एक की हालत गंभीर

**लखीसराय, (एजेंसी)** बिहार के लखीसराय में तड़के हुए सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब दो बाइकों पर सवार होकर 5 लोग जा रहे थे। इसी दौरान बेकाबू ट्रक ने दोनों बाइकों को रौंद दिया। जिसमें मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। आपको बता दें शादी समारोह से सभी लोग लौट रहे थे।

वहीं इस घटना के बाद से ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है। घटना मेदनीचौकी थाना क्षेत्र के एनएच 80 हैवतगंज के पास घटी। सड़क दुर्घटना की सूचन पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घायल एक शख्स क अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में तीन लखीसराय और एक मुंगेर जिला का है। मृतकों में पुगी यादव, लक्ष्मी महतो, मनीष कुमार, कुणाल कुमार, सूरज कुमार शामिल हैं।

New Delhi

## बीवी की लाश उठते ही नाबालिग बेटी से रेप करने लगा था वहशी पिता, 6 साल में दो बार हुई गर्भवती

**मोदीनगर (गाजियाबाद), (एजेंसी)** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में एक वहशी पिता द्वारा अपनी सगी नाबालिग बेटी के साथ छह साल तक दुष्कर्म करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। पिता की इस हरकत की जानकारी भाई और चाचा-ताऊ सभी को थी। पीड़ित लड़की की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवती मोदीनगर थाने पहुंची और थाना प्रभारी के सामने रोने लगी। महिला पुलिस कर्मियों ने जब उससे रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसकी मां की वर्ष 2018 में मौत हो गई थी। मां की मौत के अगले दिन से ही उसके पिता ने उसके साथ दुष्कर्म करना शुरू कर दिया।

युवती ने बताया कि वह एक बार गर्भवती हो गई थी और इसकी जानकारी भाई, चाचा और ताऊ को दी, लेकिन सभी ने उसे ही चुप कराकर उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद भी पिता लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। युवती का आरोप है कि अब वह दोबारा से तीन माह की गर्भवती है। 16 अप्रैल को पिता ने एक बार फिर से उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसे 18 अप्रैल को घर से मारपीट कर निकाल दिया।

खेल

# गुजरात टाइटन्स की चौथी जीत... पंजाब किंग्स को उसके घर में हराया, पॉइंट्स टेबल में लगाई लंबी छलांग

**चंडीगढ़। गुजरात टाइटंस ने रविवार को खेले गए 37वें मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ गुजरात के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वह छठे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, पंजाब किंग्स चार अंकों के साथ नौवें स्थान पर खिसक गई है। गुजरात की इस जीत में राहुल तेवतिया का अहम योगदान रहा। उन्होंने 36 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को इस सीजन की चौथी जीत दिलाई।**

### तेवतिया ने दिलाई गुजरात को सीजन की चौथी जीत

पंजाब द्वारा दिए गए 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी हुई थी। ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी हुई।



अर्शदीप सिंह ने टीम को पहला झटका दिया। उन्होंने साहा को आउट किया। वह 13 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, गिल 35 रन बनाकर लौटे। इस मैच में साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। वहीं, डेविड मिलर चार, अजमतुल्लाह उमरजई 13, शाहरुख खान तीन रन बनाकर आउट हुए। साई किशोर बिना खाता खोले नाबाद रहे। पंजाब के लिए हर्षल पटेल ने तीन और लियाम लिविंगस्टोन ने दो विकेट चटकाए। वहीं, अर्शदीप सिंह और सैम करन को एक-एक विकेट मिला।

### फ्लॉप साबित हुआ पंजाब का बल्लेबाजी क्रम

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। टीम 20 ओवर में 142 रन पर ऑलआउट हो गई। पंजाब का बल्लेबाजी क्रम इस मैच में फ्लॉप साबित हुआ। प्रभसिमरन सिंह और हरप्रीत बराड़ के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। दोनों ने क्रमशः 35 और 29 रन बनाए। वहीं, सैम करन 20, राइली रूसो नौ, जितेश शर्मा 13, लियाम लिविंगस्टोन छह, शशांक सिंह आठ, आशुतोष शर्मा तीन, हरप्रीत सिंह 14, हर्षल पटेल शून्य और कगिसो रबाडा एक (नाबाद) रन बनाए। गुजरात के लिए साई किशोर ने चार विकेट लिए। वहीं, मोहित शर्मा और नूर अहमद को दो-दो विकेट मिले जबकि राशिद खान को एक सफलता मिली।

सिनेमा

## गिरफ्तारी से बचने के लिए SC पहुंचीं राखी सावंत, Ex हसबैंड का अश्लील वीडियो लीक करने का आरोप

ड्रामा क्वीन राखी सावंत एक बार फिर विवादों में हैं. एक्स हसबैंड आदिल खान दुर्रानी ने उनके खिलाफ अपना अश्लील वीडियो लीक करने को लेकर केस किया था. अब राखी ये मैटर सुप्रीम कोर्ट लेकर गई हैं. उन्होंने अग्रिम जमानत की मांग की है. राखी ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए SC में याचिका दाखिल की है. 22 अप्रैल, सोमवार को राखी सावंत की याचिका पर सुनवाई होगी.

आदिल दुर्रानी का आरोप है राखी सावंत ने उनके कुछ निजी वीडियो लीक किए हैं. इसे लेकर उन्होंने FIR दर्ज कराई थी. इस केस के सिलसिले में अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए राखी ने अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की थी. लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने राखी की इस याचिका को खारिज कर दिया था. अब सुप्रीम कोर्ट उनके हक में फैसला सुनाता है या नहीं, 22 अप्रैल को मालूम पड़ेगा.



राखी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत मानहानि करने और धारा 34 के तहत अपराध के इरादे में साझेदार होने के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 ए (इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्पष्ट यौन सामग्री प्रकाशित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया था. FIR में आरोप लगाया गया था कि राखी ने एक टीवी टॉक शो में आदिल दुर्रानी का वीडियो चलाया था. इतना ही नहीं राखी ने उस शो का वीडियो व्हाट्सएप पर भी शेयर किया. इसके साथ ही शो का लिंक साझा करके भी वीडियो प्रसारित किया गया.

## Highlights

1. **Kejriwal, Soren In Jail, Their Wives Lead Attacks On Rival BJP**
2. **Hard to breathe, smoke irritating eyes: Local as fire continues in Ghazipur**
3. **Man stabs wife's lover to death for blackmailing her in Odisha**
4. **India is the 2nd-largest source country for new citizens in US: Report**
5. **Fire breaks out at park in Noida's Sector 50, video surfaces**
6. **Haryana CM emphasizes Earth worship and environmental values**

# Kyrgyzstan bans Tiktok to protect children: 'Affecting moral development'

**NEW DEIHI, (Agency).** Kyrgyzstan appears to have blocked TikTok after the Central Asian country's security services called to restrict the social media app to "protect children".

When AFP journalists in the country tried to access TikTok on Thursday, a message read: "Unable to load, please try again."

Owned by Chinese group ByteDance, TikTok has faced a global backlash from politicians and regulators over issues ranging from the mental health effects of the app on children to the data it allegedly scoops up from users.

Kyrgyzstan's digital ministry said on Tuesday it had "informed telecommunications operators of the need to limit access to TikTok, based on a decision by the security services."

Kyrgyzstan's State Committee for National Security, known as the GKNB, is a successor to the Soviet-era KGB secret police and headed by the powerful Kamchybek Tashiev.




The digital ministry said ByteDance had "failed to comply" with legal requirements outlined in a law to protect the "mental, physical, spiritual and moral development of children."

Reporters Without Borders (RSF) expressed "concern" over the decision earlier this week.

"RSF calls on the government to lift this arbitrary blocking and define a clear legal framework to regulate platforms," the pressure group said in a post on X on Wednesday following local media reports that a ban was imminent.

Bishkek has been mounting an escalating campaign to bring independent media and civil society closer under state control.

Kyrgyzstan, which borders China and has close economic ties with Beijing, had previously been an outlier in Central Asia as a relatively free space for information, compared to its ultra-closed neighbours.

But in recent months authorities have arrested several journalists, suspended independent media outlets and passed a "foreign agents" law designed to silence dissenters.

# Fight fire with fire? Gen AI as a defence against AI powered cyberattacks

**NEW DEIHI, (Agency).** A 15-second clip of someone's voice is all it takes for OpenAI's powerful text to voice generation platform, to create a synthetic audio clip. Little surprise, they've deemed Voice Engine too risky for general release, for now, though envisioned utility includes reading assistance, translations and applications for the differently abled. OpenAI's apprehension is understandable. Generative AI tools are arguably the most transformative technology of our time, yet Large Language Models (LLMs) at its foundation are being used by threat actors to generate phishing attacks, malware, morphed digital identities, deepfakes and almost-realistic deceptive communication.

"Cybersecurity is inherently a data problem — the more data that enterprises can process, the more events they can detect and address," said Jensen Huang, founder and CEO of Nvidia, at a recent keynote announcing tools to build gen AI 'copilots'. AI generated content, now increasingly realistic, is blurring fine lines between reality and generations, for consumers as well as enterprises.

The hope is, AI can improve detection of cyberattacks and identify malicious emails as well as malware or phishing, ultimately making them easier to counteract. The scale of these threat is such, consultancy firm McKinsey expects cybersecurity space to be worth as much as $2 trillion by 2025, up from $150 million in 2021.

# टीआई यादव समेत तीन को मिला ट्रैफिक पुलिस आफिसर ऑफ द वीक पुरुस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पलासिया स्थित यातायात प्रबंधन कार्यालय में रविवार को एडीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी एवं निरीक्षकों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें यातायात पुलिसकर्मियों के उत्साहवर्धन के लिए शुरू हुई ट्रैफिक पुलिस आफिसर आफ द वीक योजना के दूसरे सप्ताह के लिए विजेताओं की घोषणा हुई। इस दौरान जोन 4 में निरीक्षक राधा यादव, गीता भवन चौराहे पर एएसआइ नारेंद्र चतुर्वेदी, पाटनीपुरा चौराहे पर एएसआइ जिनेंद्र मंडलोई को ट्रैफिक पुलिस आफिसर आफ द वीक के लिए चुना गया। डीसीपी अरविंद तिवारी ने सभी को मेडल, प्रशस्ति पत्र, बैज, नकद पुरस्कार दिए। कार्यक्रम में विजेताओं के स्वजन भी शामिल हुए। निरीक्षक राधा यादव को उनकी बहन, एएसआइ मंडलोई को उनकी बेटी, एएसआइ चतुर्वेदी को पत्नी ने मेडल पहनाया। ड्यूटी पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने के लिए प्रधान आरक्षक अरविंद उपलावादिया, आरक्षक विजयपाल तोमर, महिला आरक्षक आरती वसुनिया को भी प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार दिया गया।



# पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट : झुलसे एक और मजदूर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के आंबा चंदन गांव में स्थित सुतली बम बनाने की फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद लगी आग में तीन मजदूर झुलस गए थे। जिन्हें उपचार के लिए इंदौर के चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान पहले एक मजदूर ने दम तोड़ा और इसके बाद रविवार को दूसरे की भी मौत हो गई। इस तरह अब तक दो मजदूरों की जान चली गई है वहीं तीसरे की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।**

गौरतलब है कि पांच दिन पहले आंबा चंदन गांव में जंगल में स्थित पटाखा फैक्ट्री में कैमकल मिक्सर करने के दौरान विस्फोट हो गया था जिसमें तीन मजदूर बुरी तरह झुलस गए थे। तीनों को उपचार के लिए चोइथराम अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। इसमें मजदूर रोहित परमानंद(20) की पहले ही मौत हो चुकी है वहीं रविर को विस्फोट में 80 प्रतिशत झुलसे उमेश चौहान (29) ने भी रविवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं एक मात्र बचे मजदूर अर्जुन राठौर(27) की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

# गल्ले में रखे 25 हजार रूपए उड़ाए

## कन्फेक्शनरी व्यापारी के यहां हुई वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में कन्फेक्शनरी व्यापारी के यहां चोरी हो गई। एक चोर कस्टमर बनकर वहां पहुंचा और सामान लेकर भाग गया। पुलिस ने चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

जूनी इंदौर थाना प्रभारी के मुताबिक बीके सिंधी कॉलोनी में लोकेश फतेहचंदानी की कन्फेक्शनरी की शॉप है। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल की रात में उनके यहां एक कस्टमर पहुंचा और उसने सामान की एक लिस्ट दी। जब लोकेश सामान निकालने में व्यस्त हुए तो इस दौरान उसने काउटर से चाबी निकालकर गल्ले में रखे करीब 25 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद लोकेश जब सामान निकालकर बाहर आए तो युवक ने कहा कि सामान बहुत है वह कार लेकर आता है। पर वह नहीं लौटा। अगले दिन उन्होंने सिल्लक गिनी तो उसमें रुपए कम थे। बाद में शॉप के सीसीटीवी चेक किये तो उसने कस्टमर बनकर आया युवक चोरी करता दिखाई दिया। इसके बाद लोकेश ने पहुंचकर केस दर्ज करा दिया।

### बड़वाह गए परिवार के यहां चोरी

राजेन्द्र नगर इलाके के कुंदन नगर में चोरों ने एक महिला के घर पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से सोने चांदी के जेवर और कुछ नकदी लेकर चले गए। पुलिस ने 'योति नाम की महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि वह 18 को अपने ब'चों के साथ बड़वाह शादी में चली गई। घर पर ताला लगा था। वह जब शनिवार को वापस आई तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर से सोने के टॉप्स, ब'ची के कुछ आभूषण ओर चांदी के जेवर व नकदी गायब मिले। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विवाद में हमला

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में अज्ञात आरोपी ने फरियादी को मकान खाली करने को लेकर धमकाया और हमलाकर भाग गया। पुलिस के मुताबिक घटना सूर्यदेव नगर गार्डन के सामने हुई। फरियादी भूपेंद्र पिता धन्नालाल परमार निवासी सूर्यदेव नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात हमलावर पर केस दर्ज किय है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरे घर के सामने खड़े अज्ञात व्यक्ति ने मुझे आवाज देकर अपने पास बुलाया। मैं उसके पास बातचीत करने गया तो वह बोला कि यह मकान खाली कर दो राजपूत मैडम ने बोला है। मैंने मकान खाली करने से मना किया तो उसने मुझे गालियां दी और बोला कि मकान तो खाली करना पड़ेगा ऐसा कहते हुए पैर पर किसी धारदार हथियार से वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# अस्पताल में महिला से कर्मचारी ने की छेड़छाड़

## पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया इलाके के सेवाकुंज अस्पताल में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी अस्पताल का ही कर्मचारी है। उसने महिला को बाथरूम में धक्का देकर अंदर ले जाने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर स्टाफ पहुंचा। इसके बाद आरोपी कर्मचारी को पकड़ लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

कनाडिया थाना प्रभारी केपी यादव के मुताबिक घटना शनिवार को सेवाकुंज अस्पताल की है। यहां एक महिला ने बताया कि उसकी 20 माह की बेटी अस्पताल में एक सप्ताह से भर्ती है। शनिवार दोपहर वह वार्ड के बाथरूम में गई। यहां बाहर से बार-बार कोई दरवाजा बजा रहा था। जैसे ही वॉश रूम से बाहर आई तो विजय ने छाती पर जोर से धक्का मारकर मुझे वॉश रूम के अंदर धकेल दिया। खुद को बचाने के लिए बाहर की तरफ भागी तो आरोपी ने पीछे से पकड़ लिया। वह अंदर खींचने लगा। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान मैंने शोर मचाया। तब मेरी आवाज सुनकर अस्पताल के स्टाफ ओर वार्ड के लोग आ गए और विजय को पकडकर बाहर ले गए। इसके बाद पति को पूरे मामले की जानकारी दी। बाद में विजय पर केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

# लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्त में

## विदेश यात्रा कराने के नाम पर की थी ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विदेश यात्रा करने के नाम पर 165 यात्रियों को चूना लगाने वाले शातिर बदमाश को अन्नपूर्णा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। डीसीपी त्रषिकेष मीना ने बताया कि 27 जनवरी 2024 को फरियादी राजीव जैन ने अन्नपूर्णा थाने पर उपस्थिति होकर शिकायत करते हुए बताया था कि अमृत टूर एंड ट्रेवल्स के मालिक महेंद्र सिंह पिता दिलीप सिंह मण्ड निवासी अन्नपूर्णा नगर ने विदेश में टूर कराने के नाम पर कुल 165 यात्रियों से बासठ लाख रूपए प्राप्त कर लिए थे। विदेश पहुंचने पर उन्हें पता चला कि महेंद्र ने होटोलों की बुकिंग तथा लाइट के टिकट कैंसल कर दिये थे। जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी उठाना पड़ी थी। इस पर अन्नपूर्णा पुलिस ने आरोपी महेंद्र सिंह मण्ड पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद एसीपी नंदनी शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जो लगातार बदमाश की तलाश कर रही थी। बदमाश की गिर तारी पर पुलिस ने दो हजार रूपए के इनाम की घोषणा की थी। इस बीच रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी महेंद्र को विजयनगर स्थित एक होटल से गिर तार कर लिया।

# युवक को घेरकर मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शादी समारोह में हुए विवाद के बाद चार आरोपियों ने एक किशोर को रास्ते में घेरकर जमकर पीटा और उसके पेट में चाकू घोंप दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात एमआईजी क्षेत्र में नेहरू नगर गली नंबर 5 में मस्जिद के पास हुई। घायल का नाम पीयूष पिता विनोद बरूआ (17) निवासी पंचम की फैल है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी रितिक उर्फ मेंगो,मोहित उर्फ लल्ला, राजेश उर्फ पुल्ली निवासी पंचम की फेल और रितिक उर्फ बाला के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि हमला 20 अप्रैल की रात को हुआ। आरोपियों से उसका विवाद 18 अप्रैल को एक शादी समारोह में हो गया था। उसी बात को लेकर चारों आरोपियों ने उसे नेहरू नगर गली नंबर पांच में घेर लिया और गालियां देकर बोले कि शादी में तू बहुत तेज चल रहा था। आज तुझे बताते हैं। मैंने गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने हाथ थप्पड़ और लात घूसों से मारना शुरू कर दिया। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू से पेट में वार कर दिया। इससे पेट में आई चोट से खून निकलने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक